भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2394
दिनांक 13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

भारत में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात

†2394. श्री यूसुफ पठानः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में सरकारी अस्पतालों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;
(ख) केंद्र सरकार के अधीन अस्पतालों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;
(ग) राज्य चिकित्सा परिषदों/भारतीय चिकित्सा परिषद में पंजीकृत एलोपैथिक डॉक्टरों की कुल संख्या कितनी है; और
(घ) देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात का ब्यौरा क्या है और सक्रिय सेवा के लिए उपलब्ध एलोपैथिक डॉक्टरों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): देश भर के सरकारी अस्पतालों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट पर नीचे दिए गए यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर (यूआरएल) पर उपलब्ध है:

https://mohfw.gov.in/sites/default/files/Health%20Dynamics%20of%20India%20%28Infrastructure%20%26%20Human%20Resources%29%202022-23_RE%20%281%29.pdf

(ख): केंद्र सरकार के अधीन अस्पतालों की सूची अनुलग्नक-**I** में दी गई है।

(ग) और (घ): राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, देश में 13,88,185 पंजीकृत एलोपैथिक डॉक्टर और 7,51,768 पंजीकृत आयुष चिकित्सक हैं। यह मानते हुए कि एलोपैथिक और आयुष दोनों प्रणालियों में पंजीकृत चिकित्सकों का 80% उपलब्ध है, देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात 1:811 होने का अनुमान है।

***

अनुलग्नक-I

केंद्र सरकार के अधीन अस्पतालों की सूची

क्रम.सं.	मेडिकल कॉलेज/संस्थान
1	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली
2	प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत 22 नए एम्स
3	स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ (पीजीआईएमईआर)
4	जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुडुचेरी (जेआईपीएमईआर)
5	वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमएमसी), नई दिल्ली (सफदरजंग अस्पताल से संबद्ध)
6	लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी), नई दिल्ली
7	अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान (एबीवीआईएमएस), नई दिल्ली (डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल से संबद्ध)
8	पूर्वोत्तर इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं आयुर्विज्ञान संस्थान (एनईआईजीआरआईएचएमएस), शिलांग
9	क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस), इम्फाल
10	ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र, नजफगढ़, नई दिल्ली
11	क्षेत्रीय पैरामेडिकल एवं नर्सिंग विज्ञान संस्थान (आरआईपीएएनएस), आइजोल, मिजोरम

***